# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

## उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**(हिन्दी कक्ष)**

**विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 25 सितम्बर, 2018 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही बैठक दिनांक 25 सितम्बर, 2018 को मध्याहन 12:00 बजे श्री पी.एन.सुकुल, रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:

| | | |
|---|---|---|
| 01. | श्री संजीव मित्तल, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक | सदस्य |
| 02. | श्री पुष्कल उपाध्याय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक | सदस्य |
| 03. | श्री प्रवीण कुमार राय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक(प्रशा.) | सदस्य |
| 04. | श्री आशीष यादव, भा.र.ले.से., र.ले.व.स.म.नि.(लेप.1/आईटी एवं एस) | सदस्य |
| 05. | श्री पी.एन.मुराओ, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली) | सदस्य |
| 06. | श्री विश्वजीत गंडोत्रा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी(प्रशा.6/8/11) | सदस्य |
| 07. | श्री ओम दत्त शर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी(लेखा-पेंशन) | सदस्य |
| 08. | श्री राम निवास सैनी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी(प्रशा-3/प्रशा. शिकायत) | सदस्य |
| 09. | श्री वी.जी.भट्ट, वरिष्ठ लेखा अधिकारी(लेप.8/निरी.एवं ओ.एम.कक्ष) | सदस्य |
| 10. | श्री सुमन कुमार वर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप. 1/2) | सदस्य |
| 11. | सुश्री किरन राजू, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.1) | सदस्य |
| 12. | श्री बी.चंद्रा, लेखा अधिकारी (प्रशा.7/12) | सदस्य |
| 13. | श्री सतीश कुमार त्रिपाठी, लेखा अधिकारी (प्रशा.9/10) | सदस्य |
| 14. | श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थिति -

01. श्रीमती वॉइलेट खैलखो, वरिष्ठ अनुवादक
02. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक
03. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक
04. श्री संदीप बोस, कनिष्ठ अनुवादक

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया :-

**मद सं. 1 : <u>दिनांक 19 जून, 2018 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि</u> :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 19 जून, 2018 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट पर अपलोड कर दिये गये थे। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : <u>पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई</u>:**

सदस्य सचिव ने संसदीय राजभाषा समिति द्वारा मुख्यालय कार्यालय के निरीक्षण के समय दिए गए निर्देशों के क्रम में बताया कि आगामी दो तिमाहियों की रिपोर्टें समिति सचिवालय को भेजी जानी हैं। राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार 'क' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के लिए हिंदी पत्राचार का लक्ष्य 100% निर्धारित किया गया है।

पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि वार्षिक लक्ष्य प्राप्त करने के सोपान में जून, 2018 के लिए 85% लक्ष्य निर्धारित किया गया था ताकि सीढ़ी दर सीढ़ी हम राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। जून की तिमाही के आंकड़ों को देखने से ज्ञात हुआ है कि हम लक्ष्य के करीब पहुँचने में सफल रहे।

अध्यक्ष महोदय ने इस पर संतोष प्रकट करते हुए सदस्यों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रेरित करें ताकि 100% निर्धारित लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सके। श्री पुष्कल उपाध्याय, रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक ने सुझाव दिया कि जिन अनुभागों को हिंदी में पत्राचार करने में तकनीकी शब्द संबंधी समस्याएं आ रहीं हैं, वहां तकनीकी शब्दों को मूल रूप में लिखा जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय ने इस बात पर बल दिया है कि हिंदी पत्राचार में अधिकाधिक बोलचाल की भाषा का प्रयोग किया जाए।

**(कार्रवाई : सभी स्थानीय अनुभाग)**

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि मुख्यालय कार्यालय की वैबसाइट के <u>राजभाषा कोना</u> में "दैनिक प्रयोग में आने वाली संक्षिप्त टिप्पणियां" से संबंधित कैलेंडर अपलोड किया जा चुका है।

रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक ने इसके अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया।

**(कार्रवाई : सभी स्थानीय अनुभाग)**

**मद सं. 3 : मार्च, 2018 तथा जून, 2018 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा:**

सदस्य सचिव ने मार्च, 2018 तथा जून, 2018 तिमाहियों की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए। अध्यक्ष महोदय ने इस पर संतोष प्रकट किया और निर्देश दिए कि आगामी तिमाही में हिन्दी कार्य का प्रतिशत 90 तक पहुँचना सुनिश्चित किया जाए।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष (स्थानीय))**

**मद सं. 4 : हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति:**

समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय में 27 आशुलिपिक तथा 40 लिपिक हैं। इनमें से 19 आशुलिपिकों तथा 17 हिंदी लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष आशुलिपिकों को हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण हेतु अगले सत्र में नामित किया जाएगा। हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के अंतर्गत 06 लिपिक हिंदी टंकण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 01 अगस्त 2018 से शुरू होने वाले हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम हेतु और 06 लिपिकों को नामित किया गया है। लिपिकों को हिंदी टंकण प्रशिक्षण मुख्यालय के हिंदी कक्ष में दिया जाता है।

अध्यक्ष महोदय ने हिंदी टंकण प्रशिक्षण की स्थिति पर संतोष प्रकट किया और निर्देश दिया कि प्रशिक्षित हिन्दी आशुलिपिकों की योग्यता का लाभ उठाते हुए शेष आशुलिपिकों को भी स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित किया जाए।

**(कार्रवाई : हिन्दी कक्ष)**

**मद सं. 5 : हिन्दी कार्यशाला का आयोजन :**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि

(1) विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में तैनात वरिष्ठ अनुवादकों/कनिष्ठ अनुवादकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/व्यावहारिक ज्ञान प्रशिक्षण के अंतर्गत संघ की राजभाषा नीति, संसदीय राजभाषा समिति प्रश्नावली, तिमाही प्रगति रिपोर्ट, प्रोत्साहन योजनाएं आदि से संबंधित हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसे प्रतिभागियों ने बहुत ही उपयोगी बताया।

(2) संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण कार्यक्रमों के दृष्टिगत विभाग में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं का समाधान करने के लिए विभाग के विभिन्न कार्यालयों में तैनात सहायक निदेशकों(रा.भा.) के लिए भी दिनांक 26 जून, 2018 से 27 जून, 2018 तक दो दिवसीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग में राजभाषा के कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं तथा उनके निराकरण के बार में विस्तार से चर्चा की गई और राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**मद सं. 6 : रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति:**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में वर्तमान में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई :

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 12 | 25 |
| वरिष्ठ अनुवादक | 35 | 34 | 01 |
| कनिष्ठ अनुवादक | 70 | 52 | 18 |

(1) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि पिछले दिनों 01 सहायक निदेशक (रा.भा.) के सेवानिवृत्त होने के बाद अब सहायक निदेशक (रा.भा.) के 25 पद रिक्त हैं। इसी क्रम में प्रशासन अनुभाग ने समिति को सूचित किया कि सहायक निदेशक (रा.भा.) के रिक्त पदों को भरने संबंधी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

अध्यक्ष महोदय ने वरिष्ठ उप महानियंत्रक से इस संबंध में संघ लोक सेवा आयोग एवं कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से परामर्श कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**(कार्रवाई: प्रशासन-8 अनुभाग)**

(2) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि 01 वरिष्ठ अनुवादक की सहायक निदेशक (रा.भा.)के पद पर पदोन्नति के उपरांत वरिष्ठ अनुवादक का एक पद रिक्त है।

(3) अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया कि कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने संबंधी कार्रवाई में तेजी लाई जाए।

**(कार्रवाई: प्रशासन-8 अनुभाग)**

**मद संख्या : 7 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण :**

वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25% लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी कार्यालयों को वर्ष 2018-19 के राजभाषा संबंधी निरीक्षण कार्यक्रम भेजने के निर्देश दिए गए थे और इस संबंध में अधिकतर कार्यालयों से निरीक्षण कार्यक्रम प्राप्त हो गये हैं।

अध्यक्ष महोदय का कहना था कि निरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मात्र 25% लक्ष्य प्राप्ति तक सीमित न रखकर हिंदी की प्रगति पर भी सतत निगरानी रखी जानी चाहिए।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष (स्थानीय) तथा सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालय)**

**मद संख्या : 8 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वर्ष निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :

| **क्र.सं.** | **कार्यालय का नाम** | **निरीक्षण की तारीख** | **अभ्युक्ति** |
|---|---|---|---|
| 1. | स्थानीय लेखापरीक्षा कार्यालय (सेना), उदयपुर | 13.09.2017 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 02. | वेतन लेखा कार्यालय(अ.श्रे.), जे.आर.सी., बरेली | 07.05.2018 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षणों के दौरान कार्यालय प्रमुखों द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 03. | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय, सिलीगुड़ी | 22.05.2018 | |
| 04. | लेखा अधिकारी, दुर्ग अभियंता, गंगटोक | 24.05.2018 | |
| 05. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वायुसेना), देहरादून | 08.06.2018 | |
| 06. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (म.क.)लखनऊ | 08.09.2018 | |
| 07. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन),इलाहाबाद | 11.09.2018 | |

**मद संख्या : 9 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय : हिंदी पखवाड़े का आयोजन**

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि इस वर्ष मुख्यालय में 01 सितम्बर, 2018 से 15 सितम्बर, 2018 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए हिंदी लिखित ज्ञान प्रतियोगिता, हिंदी टंकण प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नोतरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। दिनांक 14.09.2018 को राजभाषा समारोह का आयोजन किया गया जिसमें रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक श्री संजीव मित्तल द्वारा ई-पत्रिका 'रक्षा लेखा भारती' का विमोचन किया गया एवं वार्षिक प्रोत्साहन योजना 2017-18 के विजेताओं तथा अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा स्वरचित कविता का पाठ किया गया।

**(कार्रवाई: मुख्यालय के सभी अनुभाग)**

अंत में अध्यक्ष महोदय ने समिति के सभी सदस्यों को आहवान किया कि मुख्यालय के सभी कार्मिकों को हिंदी में करने का प्रयत्न करना चाहिए जिसमें बोलचाल की भाषा का अधिक प्रयोग हो।सदस्य सचिव ने सदस्यों को सूचित किया कि 30 सितम्बर 2018 माह को समाप्त तिमाही की राजभाषा के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्ट के लिए अब ई-सूचना माध्यम का प्रयोग शुरू कर दिया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय सहित सभी सदस्यों ने इस पर प्रसन्न्ता व्यक्त की।

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

**(श्रीनिवास शर्मा)**

**सहायक निदेशक (रा.भा.) सह सदस्य सचिव**